# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 265 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 27 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## जयपुर एयरपोर्ट पर बोले गहलोतः 'मंत्रियों के बेटे दूर रहें, वरना सरकार बदनाम होगी', विदेश नीति पर भी साधा निशाना

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को जयपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान राज्य सरकार और केंद्र की विदेश नीति दोनों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने हालिया विवादों का जिक्र करते हुए मंत्रियों और विधायकों के परिवारजनों, खासकर बेटों की भूमिका पर सवाल उठाए और सरकार को सीधे तौर पर नसीहत दे डाली।

**'बेटों को सत्ता से दूर रखो, यही सरकार के हित में '**

गहलोत ने कहा कि सरकार बनने के बाद से मंत्रियों के बेटों को जिस तरह से बढ़ावा मिल रहा है, वह चिंताजनक है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि परिवार के लोग सत्ता के करीब रहेंगे तो उनकी गतिविधियां सरकार की छवि को नुकसान पहुंचा सकती हैं। उन्होंने सलाह दी बेटों को पास रखोगे तो वे बिगड़ सकते हैं, उन्हें दूर रखकर



अच्छे संस्कार देना ही बेहतर है। ' गहलोत ने इशारों-इशारों में कहा कि कई बार नेताओं को यह तक पता नहीं चलता कि उनके परिवारजन कहां और कैसे उनकी छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन बदनामी सीधे सरकार और पद पर बैठे व्यक्ति की होती है।

**विदेश नीति पर भी उठाए सवाल**

केंद्र सरकार की विदेश नीति पर निशाना साधते हुए गहलोत ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के एक बयान को लेकर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मामलों में शब्दों का चयन बेहद महत्वपूर्ण होता है और 'दलाली' जैसे शब्द का इस्तेमाल किसी भी विदेश मंत्री को शोभा नहीं देता। गहलोत ने यह भी कहा कि यदि बयान में चूक हुई है तो मंत्री को माफी मांगनी चाहिए। गहलोत के अनुसार, वैश्विक स्तर पर शांति स्थापना के प्रयासों में नकारात्मक शब्दों में प्रस्तुत करना भारत की कूटनीतिक छवि के अनुकूल नहीं है।

**अंतरराष्ट्रीय हालात और भारत की स्थिति पर चिंता**

गहलोत ने मौजूदा वैश्विक हालात को चिंताजनक बताते हुए कहा कि देश की स्थिति पहले की तुलना में कमजोर नजर आ रही है। उन्होंने इंदिरा गांधी के दौर का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय भारत की अंतरराष्ट्रीय साख मजबूत थी।उन्होंने मौजूदा परिदृश्य में पाकिस्तान और अन्य देशों के साथ संबंधों पर भी सवाल उठाए और कहा कि आज की वैश्विक स्थिति देश के लिए चिंता का विषय है।

**गैस संकट पर सरकार को घेरा**

एलपीजी और ऊर्जा संकट को लेकर गहलोत ने कहा कि स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने समय रहते तैयारी नहीं की, जिसके कारण अब आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण हालात और बिगड़े हैं, लेकिन सरकार की पूर्व तैयारी की कमी भी जिम्मेदार है।

## एएनटीएफ की बड़ी कार्रवाई : चाय की थड़ी की आड़ में नशे का व्यापार, एमडीएमए के साथ एक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

( पुनित चपलोत )

जिले में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चाय की थड़ी की आड़ में चल रहे मादक पदार्थों के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। टीम ने मौके से एक संचालक को रंगे हाथों गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एमडीएमए बरामद किया है।

**मुखबिर की सूचना पर दबिश, रंगे हाथों पकड़ाया आरोपी**

एएनटीएफ को सूचना मिली थी कि पुर रोड स्थित प्रतापनगर पुलिस चौकी के पास जलदाय विभाग की दीवार के समीप एक चाय की थड़ी पर नशे का कारोबार संचालित हो रहा है। इस पर एएनटीएफ टीम ने प्रतापनगर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए लेबर कॉलोनी निवासी पूरण (45) पुत्र नारायण भांबी की थड़ी पर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से छह ग्राम एमडीएमए बरामद हुई, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

**डॉग स्क्वायड के साथ सघन सर्च, कई ठिकानों पर छापे**

कार्रवाई के बाद एएनटीएफ टीम ने जिले में संभावित नशा तस्करों के ठिकानों पर भी शिकंजा कसते हुए सघन सर्च अभियान चलाया। चौकी प्रभारी अयुब खां के नेतृत्व में डॉग स्क्वायड 'प्रिंस' की मदद से



कावांखेड़ा कच्ची बस्ती, मोहम्मदी कॉलोनी और हाईवे किनारे ढाबों सहित कई स्थानों पर तलाशी ली गई, हालांकि अन्य जगहों पर कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली।

**आईजी के निर्देश पर तेज हुआ अभियान**


एएनटीएफ के आईजी विकास कुमार के निर्देशन में जिलेभर में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में यह कार्रवाई की गई है, जिससे अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

**सप्लाई चेन खंगालने में जुटी पुलिस**

पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर एमडीएमए की सप्लाई चेन और इससे जुड़े अन्य तस्करों के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस मामले में और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

## अवैध बजरी खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 3 डंपर व जेसीबी जब्त





**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( सांवर ) - बड़लियास थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम द्वारा जीवा का खेड़ा के पास गुरुवार को बनास नदी में अवैध बजरी खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 डंपर और एक जेसीबी मशीन जब्त की गई। एएसआई जेठमल ने बताया कि सरहद जीवा का खेड़ा स्थित बनास नदी में अवैध खनन करते पाए जाने पर वाहनों को जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। कार्रवाई के दौरान बड़लियास थाना टीम के साथ एएसआई जेठमल मय जाब्ता एवं कांस्टेबल सूर्यज्ञान सिंह, अनिल कुमार और दिनेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## ऑटो से 19.9 किलो डोडा चूरा बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शक्करगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऑटो से 19 किलो 900 ग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने परिवहन में प्रयुक्त ऑटो को भी जब्त कर लिया।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी पुरणमल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई । थानाधिकारी पुरणमल ने बताया कि 25 मार्च को पुलिस टीम गश्त के दौरान लाल का खेड़ा टोल के पास एनएच-148डी पर पहुंची। इस दौरान एक हरे-पीले रंग का ऑटो संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस वाहन को देखकर चालक भागने लगा, जिस पर टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। जांच करने पर ऑटो में अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा भरा हुआ मिला। पुलिस ने आरोपी राजेन्द्र वैष्णव (31) निवासी मोहनपुरा, थाना शक्करगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## एम्बुलेंस वालों का 'आतंक' : परिजनों से मारपीट का वीडियो वायरल

## मनमाना किराया मांगने पर बवाल, इमरजेंसी वार्ड के बाहर सरेआम दबंगई; पुलिस ने दो आरोपियों को लिया हिरासत में

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

( पुनित चपलोत )

शहर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल महात्मा गांधी चिकित्सालय में एक बार फिर अव्यवस्था और दबंगई का मामला सामने आया है। इमरजेंसी वार्ड के बाहर निजी एम्बुलेंस चालकों द्वारा मरीज के परिजनों के साथ मारपीट और बदसलूकी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन और पुलिस में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, एक महिला मरीज की हालत गंभीर होने पर उसे उदयपुर हायर सेंटर रेफर किया गया था। इसी दौरान मौके पर मौजूद निजी एम्बुलेंस चालक आनंद शर्मा उर्फ आलिया और दीपक शर्मा परिजनों से किराया तय करने लगे।

**मनमानी का विरोध, मारपीट में बदला विवाद**

आरोप है कि एम्बुलेंस चालकों ने मनमाना किराया मांगा, जिसका विरोध करने पर कहासुनी शुरू हो गई। देखते





ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों चालकों ने परिजनों के साथ सरेआम हाथापाई शुरू कर दी। वायरल वीडियो में आरोपी न सिर्फ मारपीट करते दिख रहे हैं, बल्कि अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए पुलिस तक को नहीं बख्श रहे।

**मोबाइल कैमरों में कैद हुई दबंगई**

घटना के दौरान मौजूद लोगों ने पूरा घटनाक्रम अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आते ही पुलिस हरकत में आई और दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

***लगातार बढ़ रही एम्बुलेंस चालकों की दबंगई***

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल के बाहर लंबे समय से निजी एम्बुलेंस चालकों की मनमानी जारी है। मरीजों और उनके परिजनों से मनचाहा किराया वसूला जाता है और विरोध करने पर बदसलूकी व मारपीट तक की नौबत आ जाती है। शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में भारी रोष है।

**पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले**

गौरतलब है कि इससे पहले भी एक एम्बुलेंस चालक का भीमगंज थाने के पुलिसकर्मी से बदसलूकी का वीडियो वायरल हो चुका है। इसके बावजूद सख्त कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले और बुलंद होते नजर आ रहे हैं।

## भीलवाड़ा में बड़ी कार्रवाईः 202 किलो डोडा चूरा जब्त, पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत डीएसटी भीलवाड़ा एवं थाना पुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 202.500 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा जब्त कर पंजाब निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, साथ ही एक हुण्डई वरना कार भी जप्त की गई है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हेतु थाना पुर प्रभारी कन्हैया लाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया है । पुलिस ने बताया कि 26 मार्च को डीएसटी के कांस्टेबल रमेश से सूचना मिली कि एनएच-48 पर हमीरगढ़ से मांडल जाने वाली लेन में पुर पुलिया के आगे एक संदिग्ध हुण्डई वरना कार तेज गति के कारण डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त अवस्था में खड़ी है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान कार में प्लास्टिक कट्टों में भरा 202.500 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया गया।

पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान जसपाल सिंह (35) पुत्र लाभसिंह निवासी खडीयाल सुनाम सदर,पंजाब एवं गुलजीत सिंह (30) पुत्र भूरा सिंह निवासी जोलिया भवानीगढ़, पंजाब के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

## रायला पुलिस की लगातार चौथी कार्रवाई, 50 किलो 350 ग्राम डोडा पोस्त बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

रायला थाना पुलिस ने लगातार चौथी बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 किलो 350 ग्राम डोडा पोस्त बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी मुलचंद वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई । पुलिस ने बताया की 26 मार्च को भीलवाड़ा-गुलाबपुरा मार्ग पर नाकाबंदी एवं वाहन चेकिंग के दौरान भीलवाड़ा की ओर से आ रही एक ग्रे रंग की स्विफ्ट कार को रुकवाकर तलाशी ली गई।

कार में सवार दो व्यक्तियों ने पूछताछ में अपने नाम देवाराम पुत्र बुद्धाराम जाट (22 वर्ष), निवासी बिंचावा, खुनखुना, डिडवाना-कुचामन एवं प्रीतमपुरी पुत्र ओमपुरी गोस्वामी (26 वर्ष), निवासी भंडारी, खुनखुना, डिडवाना-कुचामन बताए। तलाशी के दौरान कार की सीटों के पीछे रखे एक सफेद बोरे तथा डिग्गी में काले प्लास्टिक के कट्टे में भरा हुआ डोडा पोस्त बरामद हुआ, जिसका कुल वजन 50 किलो 350 ग्राम पाया गया। पुलिस ने मादक पदार्थ एवं तस्करी में प्रयुक्त कार को जब्त कर लिया।

इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रशिक्षु आईपीएस आयुष श्रोत्रिया, थानाधिकारी मांडल को सौंपी गई है। गिरफ्तार आरोपियों से मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है।

## खेत पर विवाद ने लिया हिंसक रूप, लोहे की रॉड-लाठी से दो भाइयों पर हमला

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**



(गर्वित) जिले के कैथून थाना क्षेत्र के गलाना गांव में खेत पर हुए विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया, जहां लोहे की रॉड और लाठियों से हमला कर दो भाइयों को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मांगीलाल कुमार (52) ने बताया कि उनके छोटे भाई का खेत पर बाबूलाल, मुकेश और महेन्द्र के साथ विवाद हो गया था। कहासुनी देखते ही देखते झगड़े में बदल गई और आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी।

मांगीलाल ने बताया कि जब उसे घटना की सूचना मिली तो वह अपने भाई को बचाने के लिए मौके पर पहुचा , लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावर शराब के नशे में थे और उन्होंने लोहे की रॉड व लाठियों से वार किया, जिससे दोनों भाइयों को गंभीर चोटें आईं।

घटना के दौरान शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह दोनों पक्षों को अलग कर मामला शांत कराया। इसके बाद परिजन घायलों को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे।

घटना की सूचना मिलने पर कैथून थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गुलाबपुरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत, शव की नहीं हो पाई पहचान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



(पुनित चपलोत) गुलाबपुरा रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने शव को राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाकर पहचान के प्रयास शुरु किये, लेकिन अब तक मृतक के परिजनों का पता नहीं चल पाया है।

जीआरपी चौकी प्रभारी खलील अहमद ने बताया कि मंगलवार 24 मार्च को गुलाबपुरा रेलवे स्टेशन के किलोमीटर संख्या 67/ 19.20 के मध्य एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना पर जीआरपी चौकी प्रभारी खलील अहमद मय टीम मौके पर पहुँचे। घटनास्थल का जायजा लेने पर पाया गया कि मृतक किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया था, जिससे उसके सिर और शरीर पर गहरे घाव हो गए थे और दोनों पैर टूट चुके थे।

मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है। रंग सांवला और कद लगभग 5 फीट है। उसने सलेटी रंग की पेंट और सफेद धारीदार शर्ट पहन रखी थी। शरीर दुबला. पतला है और सिर के बालए दाढ़ी व मूंछें बढ़ी हुई हैं।

चौकी प्रभारी का कहना है कि मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। शव की पहचान नहीं होने पर शव का शुक्रवार को पोस्टमार्टम करवाने के बाद अंतिम संस्कार करवाया जायेगा। फिलहाल पुलिस ने मृग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रामनवमी पर श्रीराम मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, 'छप्पन भोग' के साथ हुई महाआरती

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**




चैत्र नवरात्रि के समापन और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन पर्व पर कस्बे में चारों ओर उल्लास और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर स्थानीय श्रीराम मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों और भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

मंदिर के पुजारी कपिल शर्मा ने बताया कि मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और मालाओं से सजाया गया। रामनवमी के विशेष अवसर पर भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी के विग्रहों के समक्ष भव्य 'छप्पन भोग' सजाया गया। इसमें मेवे, मिठाइयां, फल एवं विभिन्न प्रकार के व्यंजन अर्पित कर भगवान को भोग लगाया गया।

शास्त्रों के अनुसार भगवान श्रीराम का जन्म दोपहर 12 बजे हुआ था। इसी परंपरा का पालन करते हुए मंदिर में ठीक दोपहर 12 बजे भव्य महाआरती का आयोजन किया गया।

महाआरती के दौरान शंख और घंटों की गूंज के साथ पूरा मंदिर परिसर 'जय श्रीराम' के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

रामनवमी के अवसर पर सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा, जो दोपहर तक विशाल जनसमूह में बदल गया।

स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से आए भक्तों ने भी भगवान श्रीराम के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के महिला, पुरुष एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# मध्यपूर्व संकट के बीच प्रदेश में तेल-गैस की पर्याप्त उपलब्धताः CM भजनलाल शर्मा

### सर्वदलीय बैठक में किया आश्वस्त, घबराने की जरूरत नहीं

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर । ।**





मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में मध्यपूर्व एशिया क्षेत्र में उत्पन्न स्थिति के मद्देनज़र कच्चे तेल, गैस और उर्वरकों की आपूर्ति को लेकर आयोजित सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश में तेल एवं गैस प्रबंधन की स्थिति पर चर्चा करते हुए सामूहिक जिम्मेदारी से कार्य करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता को आश्वस्त किया कि राजस्थान में पेट्रोल-डीजल, गैस एवं उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सतर्कता बरतते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया है।

**प्रवासी राजस्थानियों की मदद में आगे आया राजस्थान फाउंडेशन**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मध्यपूर्व के हालातों को लेकर राजस्थान फाउंडेशन के 26 चैप्टर्स एवं 60 प्रवासी राजस्थानी संगठनों के साथ वीसी के माध्यम से संवाद किया।

उन्होंने बताया कि रियाद, कुवैत, बहरीन और दुबई जैसे देशों में फाउंडेशन ने प्रवासियों के लिए सुरक्षित आवास, भोजन एवं वतन वापसी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराकर सराहनीय कार्य किया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रवासी राजस्थानियों की हरसंभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

**राज्य व जिला स्तर पर निगरानी टीमें सक्रिय**

मुख्यमंत्री ने बताया कि तेल, गैस एवं आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर विशेष टीमें गठित की गई हैं।

जिला स्तर पर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, डीएसओ एवं तेल कंपनियों के नोडल अधिकारी निगरानी कर रहे हैं।

साथ ही, आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 181, 112 और 14435 हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे संचालित किए जा रहे हैं।

**पीएनजी नेटवर्क विस्तार पर जोर**

मुख्यमंत्री ने सिटी गैस वितरण कंपनियों को घरेलू पाइप्ड नैचुरल गैस (PNG) कनेक्शन तेजी से देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अस्पताल, होटल एवं रेस्टोरेंट जैसी इकाइयों को नैचुरल गैस अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

साथ ही किसानों के लिए यूरिया एवं डीएपी की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु केंद्र व राज्य सरकार समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं।

**एलपीजी डिलीवरी में नई व्यवस्था लागू**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि अब घरेलू एलपीजी डिलीवरी के लिए ओटीपी अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अलावा, डिलीवरी के समय उपभोक्ता की पासबुक में एंट्री करना भी अनिवार्य होगा।

**सर्वदलीय सहयोग का भरोसा**

बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने राज्य सरकार को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित अन्य नेताओं ने गैस एवं तेल प्रबंधन को लेकर सुझाव भी दिए, जिनमें जिला स्तर पर निगरानी बढ़ाने एवं पीएनजी नेटवर्क विस्तार पर जोर शामिल रहा।

**राजस्थान फाउंडेशन के विस्तार को मिलेगी मजबूती**

मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में 26 चैप्टर्स सक्रिय हैं और 14 नए चैप्टर्स के गठन की प्रक्रिया जारी है।

न्यूयॉर्क, लंदन, सिंगापुर सहित विभिन्न शहरों में महिला विंग की शुरुआत को उन्होंने सराहनीय बताया और सभी चैप्टर्स को यूथ एवं महिला विंग बनाने के निर्देश दिए।


## रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा, जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा कस्बा

### भगवा ध्वज के साथ निकली युवाओं की टोली, जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**




रामनवमी के अवसर पर गुरुवार को कस्बे में भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में युवाओं ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर टोली बनाकर 'जय श्रीराम' के जयघोष के साथ पूरे कस्बे का वातावरण राममय कर दिया।शोभायात्रा जिस-जिस मार्ग से गुजरी, वहां श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। उत्साहित युवाओं की टोलियां 'चप्पा-चप्पा गूंजेगा श्रीराम के जयकारों से, पूरा भारत भर जाएगा राम के दीवानों से' और 'एक ही नारा, एक ही नाम जय श्रीराम' के उद्घोष करते हुए पैदल चल रही थीं।

**मुख्य मार्गों से निकली शोभायात्रा**

बैंड की मधुर धुनों पर बजते प्रभु श्रीराम के भजनों और जयकारों के साथ शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से निकली। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग जुलूस में शामिल होने के लिए उत्साहित नजर आए।शोभायात्रा चारभुजा नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर सदर बाजार, सब्जी मंडी मार्ग, तेजाजी का चौक एवं पंचायत चौक होते हुए पुनः चारभुजा नाथ मंदिर पहुंची, जहां आरती के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा का क्षेत्रवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

**मातृशक्ति की रही विशेष भागीदारी**

शोभायात्रा में मातृशक्ति की भी उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। महिलाओं की टोलियां हाथों में भगवा पताका लिए जय श्रीराम के जयघोष करती नजर आई, जिससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई।

**अखाड़ा प्रदर्शन बना आकर्षण का केंद्र**


शोभायात्रा में श्री वीर बजरंग अखाड़ा द्वारा आकर्षक अखाड़ा प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बालिकाओं ने भी शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।



QUICK BITES

# राजकीय अधिवक्ताओं के वेतन बढ़ाने की मांग, विधायक कोठारी ने उठाया मुद्दा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने सरकार द्वारा नियुक्त राजकीय अधिवक्ताओं के वेतन, मानदेय एवं अन्य सुविधाओं में वृद्धि की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न न्यायालयों में सरकार की ओर से पैरवी करने वाले राजकीय अधिवक्ता न्यायिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और सरकार का पक्ष मजबूती से रखते हुए मामलों की प्रभावी पैरवी करते हैं।

कोठारी ने कहा कि लंबे समय से उनके वेतन और प्रतिदिन पैरवी के मानदेय में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने के कारण अधिवक्ताओं को आर्थिक एवं व्यावसायिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई और कार्य की जिम्मेदारियों को देखते हुए दिया जा रहा मानदेय पर्याप्त नहीं माना जा सकता।

उन्होंने सरकार से मांग की कि राजकीय अधिवक्ताओं के निश्चित वेतन एवं दैनिक पैरवी मानदेय की पुनर्समीक्षा की जाए, लंबे समय से लंबित वेतन वृद्धि पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए तथा उनके कार्य के अनुरूप अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं।

विधायक कोठारी ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में राजकीय अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, ऐसे में उनके हितों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेकर अधिवक्ताओं को राहत प्रदान करेगी, जिससे न्यायालयों में सरकारी पक्ष की पैरवी और अधिक प्रभावी हो सकेगी।

# जय माता दी के जयकारों से गूंजा भीलवाड़ा, अष्टमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## शहरभर के मंदिरों में विशेष पूजन, हवन और कन्या पूजन में जुटे हजारों भक्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मूलचन्द पेसवानी



चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के पावन पर्व पर गुरुवार को भीलवाड़ा शहर पूरी तरह भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा नजर आया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और हर ओर 'जय माता दी' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के विभिन्न प्रमुख मंदिरों में अष्टमी पर्व पर विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। सिंधु नगर स्थित श्री नवदुर्गा शक्ति मंदिर, वैभव नगर के दुर्गा माता मंदिर, गोकुलम विलाज के हिंगलाज माता मंदिर तथा खत्री कॉलोनी स्थित मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ यज्ञ-हवन और कन्या पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव से भाग लिया।

वहीं, शाम की सब्जी मंडी स्थित झूलेलाल मंदिर में 19 मार्च से चल रही घट स्थापना के आठवें दिन विशाल यज्ञ-हवन, पूजन और कन्या पूजन के बाद प्रसादी का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गया।

अष्टमी के इस विशेष अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर पांडाल सजाए गए, जहां दिनभर धार्मिक अनुष्ठान और भजन-कीर्तन का आयोजन चलता रहा। यज्ञ में आहुति देने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। वहीं, प्रसादी वितरण और सेवा कार्यों में भी लोगों के बीच होड़ सी लगी रही, जिससे सेवा और समर्पण का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

कार्यक्रमों में समाज के कई गणमान्य नागरिकों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिनमें नारायण जेठानी, गोर्धन जेठानी, नानकराम जेठानी, महाराज बाबूलाल शर्मा, खेमचंद कान्जानी, हेमन भोजवानी, मोहन तुल्सियानी, सुरेश लहरानी, मनोहर लालवानी, दौलत सामतानी, सुषमा गुर्याणी, राजेश माखीजा, सतीश शर्मा, अमित वासुदेव शर्मा, ओम गुलाबानी, तुलसी निहालानी, कमल वैशनानी, गुलशन विधानी, हर्षिता विधानी, सुनीता तुल्सियानी, सुरेश भोजवानी, किशोर लखवानी, जय मोतियानी, चंद्र प्रकाश तुल्सानी, महेश खोतानी, राजेश थुरवानी, हेमन कोरानी, दयालदास और रिया बहरवानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

# सप्तमी पूर्णाहुति कार्यक्रम में शिक्षा, धर्म और नशा मुक्ति पर दिया जोर

## सामाजिक एकता, संस्कार और शिक्षा पर जोर; युवाओं ने लिया जागरूकता व नशा मुक्ति का संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

क्षेत्र के ग्राम हर्षलों की झोपड़िया में आयोजित सप्तमी पूर्णाहुति कार्यक्रम में धर्म, शिक्षा, सामाजिक एकता और नशा मुक्ति को लेकर प्रेरणादायक संदेश दिए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और समाजजनों की भागीदारी रही।

मालासेरी देवनारायण जन्मस्थली के पुजारी हेमराज पोशवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि धर्म के माध्यम से पूरे समाज को एकजुट रखना ही सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने आपसी सम्मान, भाईचारे और हर वर्ग को साथ लेकर चलने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने शिक्षा को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि बच्चों और बच्चियों की पढ़ाई पर



विशेष ध्यान देना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों की शिक्षा में सहयोग करें, ताकि कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि जब समाज का एक विद्यार्थी आगे बढ़कर सरकारी सेवा में पहुंचता है, तो वह पूरे समाज के लिए प्रेरणा बनता है।

उन्होंने वर्तमान समय को शिक्षा का युग बताते हुए अपनी संस्कृति और अस्तित्व को बनाए रखने के लिए धर्म के मार्ग पर चलने और ईश्वर स्मरण को आवश्यक बताया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके विचारों का स्वागत करते हुए शिक्षा, सामाजिक एकता और जागरूकता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। वहीं युवा वर्ग ने सामाजिक कुरीतियों को त्यागकर नशा मुक्ति की दिशा में कार्य करने का प्रण लिया।

इस अवसर पर देव शिक्षा समिति जहाजपुर के अध्यक्ष शिवराज गुर्जर, जगरूप गुर्जर, रामराज गुर्जर, मूलचंद गुर्जर, रतिराम गुर्जर सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नवरात्रि पर जैन सोशल रॉयल ग्रुप का सेवा-संस्कार कार्यक्रम, 121 कन्याओं का पूजन व महाभोज

## महामंडलेश्वर मंदिर में विधिवत कन्या पूजन, उपहार भेंट कर लिया आशीर्वाद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

अखिल भारतीय जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप फेडरेशन के अंतर्गत जैन श्वेताम्बर सोशल रॉयल ग्रुप, भीलवाड़ा द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर चैत्र सुदी सप्तमी पर भक्ति एवं सेवा से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ग्रुप अध्यक्ष मुकेश सरोज सिसोदिया ने बताया कि आजादनगर स्थित डांगी फैक्ट्री परिसर के महामंडलेश्वर मंदिर में 121 कन्याओं का विधिवत पूजन एवं महाभोज का आयोजन किया गया। इस दौरान कन्याओं के चरण धोकर, कुमकुम तिलक लगाकर, मंगललच्छा पहनाकर सम्मानपूर्वक पूजा-अर्चना की गई तथा सभी




कन्याओं को महाभोज कराया गया। साथ ही प्रत्येक कन्या को उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष अनिल डांगी ने कन्याओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि नारी शक्ति ही समाज को आगे बढ़ाने का आधार है और स्त्री ही पुरुष को उन्नति के पथ पर अग्रसर करती है।

ग्रुप के मनीष बम्ब ने बताया कि कार्यक्रम में ग्रुप के लगभग 50 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सेवा कार्य में सक्रिय सहयोग दिया। इस अवसर पर गौरव-आशिता गोखरू, दर्पण-कनक लोढ़ा, संगीता पानगरिया, रेखा पोखरणा, पूजा डूंगरवाल, दीपक चपलोत, सुनील-ज्योति टुकलिया, ललित मेहता, चंदन-शिल्पा भंडारी, ओम-नीलम जैन, पुष्पा पोखरणा, अल्पना सांखला, मनीष-संगीता कोठारी, जितेंद्र-रीना चोरड़िया, अमित-ज्योति चोरड़िया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

इसके साथ ही पदाधिकारीगण प्रीति-राजेंद्र गुगलिया, अनिल-सरोज बापना, नेहा-विवेक छाजेड़, संदीप-चेतना चपलोत, सुदर्शन-सुरेखा पीपाड़ा, ज्योति-विश्वास सांखला, राकेश-प्रेरणा लोढ़ा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।


कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष मुकेश सरोज सिसोदिया ने सभी सहयोगी सदस्यों एवं पदाधिकारियों का सम्मान कर आभार व्यक्त किया।

# हमीरगढ़ थाने में एसपी का औचक निरीक्षण, व्यवस्था सुधारने के दिए कड़े निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने गुरुवार को हमीरगढ़ थाने का औचक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। उनके पहुंचते ही पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने के अभिलेखों और रिकॉर्ड की गहनता से जांच करते हुए उनकी अद्यतन स्थिति और रखरखाव का बारीकी से मूल्यांकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिकॉर्ड संधारण में किसी



भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी प्रविष्टियां समय पर अपडेट रहें। इसके साथ ही उन्होंने थाना स्टाफ की उपस्थिति, वर्दी और अनुशासन का भी जायजा लिया। एसपी ने स्पष्ट संदेश दिया कि पुलिसकर्मियों को हर परिस्थिति में सतर्क और अनुशासित रहना होगा, क्योंकि यही जनता के भरोसे की नींव है। उन्होंने कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखने और आमजन के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उनका विश्वास बनाए रखना है, इसमें किसी भी तरह की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। इस मौके पर थानाप्रभारी सुनील कुमार बेड़ा सहित पूरा थाना स्टाफ मौजूद रहा।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# अष्टमी पर जोगणिया धाम में भक्ति का महासंगम

## जागरण, भजन और झांकियों के बीच लाखों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन





भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू ।

**दिनेश गुर्जर** । भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ की सीमा पर ऊपरमाल क्षेत्र की ऊँची पहाड़ियों में स्थित जोगणिया माता मंदिर चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। करीब 300 फीट ऊँची पहाड़ी पर स्थित इस प्राचीन शक्तिपीठ में इन दिनों लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। अष्टमी के अवसर पर मंदिर में दर्शन के लिए लंबी कतारें देखने को मिलीं।

मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से आकर्षक रूप से सजाया गया है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आ रहा है।

जोगणिया माता शक्तिपीठ संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि नवरात्रि के दौरान दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दर्शन, पेयजल, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।दुर्गाष्टमी के अवसर पर मंदिर में महारात्रि जागरण का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पूरी रात दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है। अनुमान है कि अष्टमी के दिन और रात मिलाकर लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचेंगे।

शिव प्रसाद व्यास ने बताया कि बीते वर्षों में जोगणिया माता धाम का व्यापक विकास हुआ है। पहले घने जंगलों से घिरे इस क्षेत्र में अब वेद पाठशाला, गौशाला विस्तार, श्रीराम वाटिका, नवग्रह नक्षत्र वाटिका, धर्मशालाएं, सीढ़ियां और सड़क जैसी सुविधाएं विकसित हो चुकी हैं, जिससे देशभर से श्रद्धालुओं का आगमन लगातार बढ़ रहा है।

श्रद्धालुओं ने बताया कि वे हर वर्ष दुर्गाष्टमी पर परिवार सहित यहां दर्शन के लिए आते हैं। भीषण गर्मी के बावजूद मंदिर में व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं, जिससे दर्शन सुगम हो रहे हैं। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर जोगणिया माता धाम में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ इस शक्तिपीठ की आस्था और महत्ता को एक बार फिर दर्शा रही है। सप्तमी के अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा रासलीला एवं भजनों की प्रस्तुतियां दी गईं, वहीं विभिन्न झांकियों ने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया।

# स्वर्ण कलश स्थापना महोत्सव की शुरुआत, ध्वज स्थापना के साथ महायज्ञ की तैयारियां शुरू

## लक्ष्मीनाथ मंदिर से निकला ध्वज जुलूस, पूजा-अर्चना के साथ महायज्ञ स्थल पर स्थापना

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत)।** कस्बे में भगवान लक्ष्मी नाथ, नाहर सिंह माता एवं तेजाजी महाराज मंदिर में गुरुवार को स्वर्ण कलश स्थापना समारोह के तहत यज्ञ के लिए ध्वज स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धार्मिक उत्साह और आस्था का माहौल देखने को मिला।आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि सुबह 7 बजे लक्ष्मीनाथ मंदिर में विधिवत ध्वज पूजन किया गया। इसके बाद ध्वज का कस्बे में भव्य भ्रमण कराया गया,



जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ध्वज यात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई दोपहर करीब सवा 12 बजे महायज्ञ स्थल पहुंची, जहां पूजा-अर्चना के साथ ध्वज स्थापना की गई।

समिति के अनुसार आगामी महायज्ञ 30 अप्रैल से 8 मई तक आयोजित होगा, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजन को लेकर कस्बे में उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

इस दौरान विनोद असावा, जमना लाल जोशी, जगदीश बांगड़, प्रकाश पाराशर, लादू तिवाड़ी, गंगाधर पारीक, भानु प्रताप, धर्मेंद्र जोशी, सत्यप्रकाश कोटावट, प्रभु तेली, ब्रह्मा लाल मीणा, किशन सेन, राजू सुथार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अस्पताल मार्ग पर फैली गंदगी से लोग परेशान, नाले में कचरा जाम होने से उठ रही दुर्गंध

## सफाई व्यवस्था चरमराई, पेड़ों की छंटाई के बाद नहीं हटाया गया कचरा; लोगों में नाराजगी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**शुभम जैन** । नगर के अस्पताल मार्ग पर सफाई व्यवस्था बिगड़ने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध के कारण हालात बदतर होते जा रहे हैं, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासी ओम प्रकाश माली ने बताया कि अस्पताल जैसे संवेदनशील मार्ग पर भी नियमित सफाई नहीं हो रही है। यहां कई दिनों से सफाई कर्मचारी नहीं आने के कारण सड़क और आसपास का क्षेत्र गंदगी



की चपेट में आ गया है।

माली ने बताया कि बोहरा जी की बगीची के पास स्थित नाले की नियमित सफाई नहीं होने से उसमें कचरा जमा हो गया है, जिससे तेज दुर्गंध फैल रही है और राहगीरों को परेशानी हो रही है।

इसके अलावा पथिक पार्क के नजदीक पेड़ों की छंटाई के बाद फैला कचरा भी नगर पालिका द्वारा अभी तक नहीं हटाया गया है, जिससे अव्यवस्था और बढ़ गई है।

क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और नियमित सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# खेड़ा बड़ माताजी मंदिर निर्माण का हुआ भव्य शिलान्यास

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ :**

क्षेत्र के ग्राम बाकरा स्थित खेड़ा बड़ माताजी मंदिर में गुरुवार को मंदिर निर्माण कार्य हेतु विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत इस आयोजन में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में दलपुरा देवनारायण मंदिर के पुजारी रामगोपाल गुर्जर, सुरेंद्र सिंह राजपूत, किशनगढ़ सरपंच प्रतिनिधि नंदलाल मीणा, कवि राजकुमार बादल,



जीएसएस अध्यक्ष रामकुवार मीणा, सत्यनारायण सेन, शंभू लाल वर्मा एवं रामनाथ दरोगा (दलपुरा) सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस दौरान पंडित सत्यनारायण शर्मा एवं गोविंद मिश्रा द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंदिर की नींव रखवाई गई। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

मंदिर निर्माण समिति द्वारा निर्माण कार्य के लेखा-जोखा हेतु भेरू सिंह राजपूत (भीमपुरा) एवं प्रकाश सालवी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

समिति के सदस्यों ने बताया कि मंदिर निर्माण कार्य जनसहयोग से प्रारंभ किया गया है, जिसमें बारह खेड़ा क्षेत्र के लोगों का विशेष सहयोग मिल रहा है।

# मुनि प्रणम्य सागर महाराज का हुआ भव्य मंगल प्रवेश, आज अर्हम ध्यान योग रहेगा विशेष आकर्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

**रमेश गुर्जर।** जैन धर्म के प्रतिष्ठित संत प्रणम्य सागर महाराज का गुरुवार को तपोदय तीर्थ से नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस दौरान सकल जैन समाज में गहरा उत्साह देखने को मिला। बड़े मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने मुनि श्री का भावभीना स्वागत किया, वहीं मंदिर कमेटी ने विधिपूर्वक पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इसके बाद शांति सागर संत निलय में



आयोजित मंगल प्रवचन में मुनि श्री ने सम्यक ज्ञान, दर्शन और चारित्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संतों का सान्निध्य जीवन में रत्नत्रय की प्राप्ति का सरल मार्ग प्रशस्त करता है। उनके उद्बोधन ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रूप से गहराई से प्रभावित किया।

शाम के समय बड़े मंदिर में वर्धमान स्त्रोत के साथ दीप प्रज्वलन, आचार्य भक्ति और भव्य आरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

शुक्रवार सुबह 7:30 बजे राज भवानी वाटिका में अर्हम ध्यान योग शिविर का विशेष आयोजन किया जाएगा, जिसे लेकर समाज में खास उत्साह है। पुण्यार्जक परिवार महेंद्र कुमार, मनीष और संदीप सोनी के अनुसार, यह योग साधना न केवल शारीरिक रोगों में राहत प्रदान करती है, बल्कि मानसिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का भी सशक्त माध्यम है। मुनि श्री के सान्निध्य में होने वाला यह सत्र श्रद्धालुओं के लिए एक दुर्लभ अवसर माना जा रहा है।

# बरूंदनी में माता रानी के दरबार में सजा भव्य सप्तमी जागरण, राम जन्मोत्सव की गूंज से भक्तिमय हुआ माहौल

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**

**(रोशन)।** बरूंदनी स्थित लालबाई फूलबाई माता रानी मंदिर में सप्तमी के पावन अवसर पर बुधवार रात्रि भव्य जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान माता रानी का आकर्षक एवं विशेष श्रृंगार किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा।

रात्रि 9 बजे भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात वेद विद्यालय के पंडितों द्वारा भगवान श्रीराम एवं माता रानी की विधिवत महाआरती की गई। इसके साथ ही हनुमान चालीसा पाठ, श्रीराम स्तुति एवं 'श्री राम जय राम जय जय राम'





महामंत्र के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसके पश्चात देर रात तक माता रानी का जागरण चलता रहा, जिसमें भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। भजन गायक सोहन नाथ सहित अन्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर दरबार में भक्ति रस की सरिता बहाई।

जागरण में समस्त ग्रामवासी, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता, माताएं-बहनें बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### हनुमान जयंती पर बालाजी मंदिर में लगाया जाएगा छप्पन भोग

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



**(जसवंत)।** कस्बा स्थित जोशी मोहल्ला बालाजी मंदिर में 2 अप्रैल को हनुमान जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर श्री राम सेवा समिति द्वारा मंदिर में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समिति के अनुसार कार्यक्रमों की शुरुआत 1 अप्रैल को सुबह 8:15 बजे मंदिर में अखंड रामायण पाठ स्थापना के साथ होगी। इसके बाद 2 अप्रैल को सुबह 6:15 बजे हनुमान जी का विधिवत अभिषेक किया जाएगा।

सुबह 8:15 बजे हवन का आयोजन होगा, इसके पश्चात भगवान को विशेष चोला धारण करवाया जाएगा और छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। दोपहर 12:15 बजे श्रद्धालुओं के लिए छप्पन भोग के दर्शन होंगे, जिसके बाद महाआरती का आयोजन किया जाएगा। अंत में प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### बीकानेर में 19वीं जूनियर राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता, भीलवाड़ा टीम रवाना

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



बीकानेर शहर में 27 से 29 मार्च तक आयोजित होने वाली 19वीं जूनियर राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भीलवाड़ा वुशु टीम रवाना हो गई है। टीम को भीलवाड़ा वासियों ने उत्साहपूर्वक विदाई देकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

जिला वुशु संघ के सचिव नरेंद्र सिंह शक्तावत एवं टीम कोच अंकित नाथ योगी ने बताया कि प्रतियोगिता में भीलवाड़ा की ओर से छात्र वर्ग में सूर्यप्रताप सिंह (48 किग्रा), सुरेश जाट (52 किग्रा), विक्रम सिंह (56 किग्रा) तथा विशाल योगी (60 किग्रा) भाग लेंगे और जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

टीम के साथ कोच अंकित नाथ योगी भी उपस्थित रहेंगे और खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे।

### दुर्गा अष्टमी पर सवाईपुर क्षेत्र में गूंजे जयकारे, घर-घर हुई दिहाड़ी माता की पूजा

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**




**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे सहित आसपास के कई गांवों में गुरुवार को दुर्गा अष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के घर-घर में दिहाड़ी माता की पूजा-अर्चना की गई और मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

सोपुरा जाटों का, सालरिया, ढ़ेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ककरोलिया माफी, कंवलियास, कुड़ी, बोरखेड़ा, बोर्डियास, खजीना, कांदा, पिथास, सोलंकिया का खेड़ा सहित कई गांवों में सुबह से ही धार्मिक माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर माता रानी से परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

माता के मंदिरों को फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी रोशनी से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। दिनभर मंदिरों में पूजा-पाठ और जयकारों की गूंज सुनाई देती रही।

### हनुमान जन्मोत्सव पर चावंडिया में भव्य निकलेगी कलश शोभायात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के पक्षी ग्राम चावंडिया स्थित श्री मनोकामना पूर्ण हनुमान जी धाम में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कलश शोभायात्रा के साथ पांच दिवसीय श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन भी किया जा रहा है।

मंदिर के पुजारी शंकर लाल बैरवा ने बताया कि 28 मार्च को सुबह 9:15 बजे से पंच दिवसीय श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम रामेश्वर पीठाधीश्वर बालयोगी श्री श्री 108 बालकदास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल को सुबह 8:15 बजे हवन होगा तथा रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। वहीं 2 अप्रैल को सुबह 8 बजे चामुंडा माता मंदिर रामघाट स्थित हनुमान मंदिर से भव्य कलश शोभायात्रा प्रारंभ होगी।

इसके पश्चात सुबह 8:15 बजे रुद्राभिषेक एवं दिव्य दर्शन होंगे। दोपहर 1:30 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद दोपहर 2:15 बजे संतों एवं अतिथियों का स्वागत कर प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### कोली मोहल्ला में जल संकट गहराया, काला व बदबूदार पानी से लोग परेशान

**15-20 दिन से अनियमित जलापूर्ति, यूथ कांग्रेस ने दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शहर के वार्ड नंबर 51 स्थित कोली मोहल्ला देवनारायण मंदिर के पास में पिछले 15-20 दिनों से जल संकट गहराता जा रहा है। क्षेत्र में अनियमित जलापूर्ति के साथ-साथ नलों से काला और बदबूदार पानी आने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, सप्लाई हो रहा पानी उपयोग योग्य नहीं है और दूषित जल के कारण बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कई बार संबंधित विभाग को शिकायत देने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं होने से क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है।

यूथ कांग्रेस के रवि कुमार कोली ने बताया की यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जलदाय विभाग का घेराव किया जाएगा।

क्षेत्रवासियों ने भी जल्द से जल्द शुद्ध जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है, ताकि आमजन को इस समस्या से राहत मिल सके।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।